एलुरु में रहस्यमय रोग

drishtiias.com/hindi/printpdf/mystery-illness-of-eluru

चर्चा में क्यों?

हाल ही में आंध्र प्रदेश सरकार ने **अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान** (All India Institute of Medical Sciences- AIIMS) नई दिल्ली और **इंडियन इंस्टीटच्यूट ऑफ केमिकल टेक्नोलॉजी** (IICT)-हैदराबाद से आंध्र प्रदेश के पश्चिम गोदावरी ज़िले के एलुरु में **रहस्यमय रोग** के कारणों का पता लगाने के लिये एक **दीर्घकालिक अध्ययन** करने का अनुरोध किया है।

प्रमुख बिंदु:

- आंध्र प्रदेश के पश्चिम गोदावरी ज़िले के एलुरु शहर का लगभग 70% से अधिक हिस्सा एक **रहस्यमय रोग सेप्रभावित है**।
  - इस रोग के कारण **एक व्यक्ति की मृत्यु** हो गई, जबकि लगभग **550 लोग अस्पताल में भर्ती हैं**।

रहस्यमय रोग के संबंध में:

लक्षण:

- शरीर में ऐंठन, मिर्गी, चक्कर आना और मतली।
  - **शरीर में ऐंठन** एक ऐसी स्थिति है **जिसमें शरीर की मांसपेशियाँ सिकुड़ती हैं और तेज़ी से शिथिल हो जाती हैं**। यह प्रक्रिया बार-बार होती रहती है, परिणामस्वरूप शरीर में अनियंत्रित क्रियाएँ होती रहती हैं।
  - मस्तिष्क में अचानक उत्पन्न **अनियंत्रित तंत्रिकातंत्रीय विकार** के कारण **मिर्गी** की स्थिति बनती है। यह व्यक्ति के व्यवहार, संचलन या भावना और चेतना के स्तर में परिवर्तन का कारण बन सकता है।
  - **चक्कर आना** एक ऐसा शब्द है जिसका प्रयोग संवेदनाओं की एक सीमा का वर्णन करने के लिये किया जाता है, जैसे कि **बेहोश होना, कमजोरी या अस्थिर महसूस** करना।
  - तनाव, भय और बेचैनी के कारण व्यक्ति की शारीरिकी क्रियाओं में असंतुलन की स्थिति पैदा हो जाती है, जिसके कारण **पेट में गड़बड़ी** की वजह से **मतली** की स्थिति देखी जाती है।

रोग निवृत्ति (Recovery):

- इस रोग से ग्रसित रोगी तीन से चार घंटों में **रोग से निवृत्त** हो जाते हैं।

पीड़ित (Victims):

इस रोग से सभी आयु वर्ग के लोग; **पुरुष, महिलाएँ और** यहाँ तक कि **छोटे बच्चे** भी ग्रसित हो सकते हैं।

संभावित कारण (Possible Causes):

- **पानी में भारी धातुओं के संदूषण** को इसका कारण माना जा रहा है।
  - **COVID-19** की रोकथाम के उपायों के हिस्से के रूप में **स्वच्छता कार्यक्रमों** में ब्लीचिंग पाउडर और क्लोरीन के **अत्यधिक उपयोग** के कारण जल प्रदूषण की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।
  - AIIMS के अनुसार, राज्य सरकार द्वारा भेजे गए पीड़ितों के 45 रक्त के नमूनों में से 25 में **लेड** और **निकल** की मौजूदगी पाई गई है।
- वैज्ञानिकों का मानना है कि **जल के स्रोतों में कीटनाशकों का रिसाव भी** इसका एक कारण हो सकता है।
  एलुरु को **गोदावरी और कृष्णा दोनों नदियों से नहरों के माध्यम से जल प्राप्त** होता है। ये नहरें कृषि क्षेत्रों से गुज़रती हैं जहाँ **कीटनाशक अपवाह के साथ नहरों के जल में मिल जाते** हैं।

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस